**भारत सरकार**
**रक्षा मंत्रालय**
**रक्षा विभाग**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2297**
**10 दिसम्बर, 2021 को उत्तर के लिए**

**सैनिक स्कूल**

2297. **सुश्री दिया कुमारी :**
**श्री सी.पी. जोशी :**
**श्री अरुण साव :**
**श्री राम मोहन नायडू किंजरापु :**
**श्री रोड़मल नागर :**
**श्री अरुण कुमार सागर :**
**श्री सुमेधानन्द सरस्वती :**
**श्री हेमन्त पाटिल :**
**श्री विनायक भाऊराव राऊत :**

क्या **रक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में कार्यरत सैनिक/राष्ट्रीय सैन्य विद्यालयों का ब्यौरा क्या है और वर्तमान में प्रत्येक विद्यालय को कितनी निधि आवंटित की गई है और विगत तीन वर्षों के दौरान स्थापित किए गए ऐसे विद्यालयों की संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार का सौ नए सैनिक विद्यालय खोलने का विचार है;

(ग) यदि हां, तो ऐसे विद्यालयों की स्थापना के लिए मानक क्या हैं और उनके लिए बजट परिव्यय, स्थान की पहचान करने तथा उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और महाराष्ट्र सहित इनको पूरा करने के लिए राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार निर्धारित समय-सीमा क्या है;

(घ) क्या सरकार को सैनिक स्कूल स्थापित करने के लिए राज्य सरकारों, निजी स्कूलों और गैर-सरकारी संगठनों से प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और यदि हां, तो प्राप्त प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है और स्वीकृत, अस्वीकृत और वर्तमान में समीक्षा अधीन प्रस्तावों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या कितनी है;

(ङ) मौजूदा सैनिक स्कूलों की तुलना में ये नए स्कूल किस तरह एक विशिष्ट कार्यक्षेत्र के रूप में कार्य करेंगे; और

(च) क्या सरकार का एक राज्य में कार्यरत सैनिक स्कूलों की कुल संख्या की कोई अधिकतम सीमा तय करने का इरादा है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं?

## उत्तर
## रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)

(क): इस समय देश में कार्य कर रहे सैनिक स्कूलों का और वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान जारी निधियों के साथ-साथ विगत तीन वर्षों के दौरान स्थापित किए गए ऐसे स्कूलों का ब्यौरा **अनुबंध-'क'** में दिया गया है। इसके अलावा, वर्तमान वित्तीय वर्ष में सैनिक स्कूल सोसाइटी के लिए 300 करोड़ रु. की कुल निधियां निर्धारित की गई है। देश में कार्य कर रहे राष्ट्रीय सैन्य विद्यालयों और गत तीन वर्षों के दौरान स्थापित किए गए ऐसे स्कूलों की संख्या के साथ इस चालू वित्तीय वर्ष में प्रत्येक स्कूल को जारी की गई निधियों का राज्य-वार ब्यौरा **अनुबंध-'ख'** में दिया गया है। इसके अलावा, चालू वित्तीय वर्ष में राष्ट्रीय सैन्य विद्यालयों के लिए 6.174 करोड़ रु. की कुल निधियां निर्धारित हैं।

(ख) और (ग.): सरकार ने संबद्ध आधार पर एनजीओ/निजी विद्यालयों/ राज्य सरकारों इत्यादि के साथ भागीदारी में 100 सैनिक स्कूल स्थापित करने के लिए एक योजना अनुमोदित की है। किसी भी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के इच्छुक पक्षकार अर्हक शर्तों को पूरा करने एवं संबद्ध उप-नियमों के अनुपालन के अध्यधीन सैनिक स्कूल सोसाइटी से संबंद्धन के लिए आवेदन कर सकते हैं। संबद्ध स्कूल से अवसंरचना, सुविधाएं, अध्यापक रखने और संबंद्धन मानदंड के अंतर्गत यथा निर्धारित सभी आवश्यकताओं को पूरा करना अपेक्षित है। इस प्रयोजनार्थ रक्षा मंत्रालय द्वारा कोई वित्तीय सहायता प्रस्तावित नहीं है। भारत सरकार मेरिट-कम-मीन्स आधार पर सैनिक स्कूल सोसाइटी जरिए कक्षा 06 से कक्षा 12 तक के लिए कक्षा में संख्या (50 विद्यार्थियों की अधिकतम सीमा के अधीन) के 50% के लिए के जरिए फीस का 50% वार्षिक फीस सहायता मुहैया कराएगी।

(घ): 100 नए सैनिक स्कूलों में संबंद्धन के लिए एनजीओ/निजी विद्यालयों/ राज्य सरकार के स्वामित्व वाले विद्यालयों से ऑनलाइन मोड के जरिए पंजीकरण हेतु आवेदन वेब पोर्टल sainikschool.ncog.gov.in के माध्यम से मांगे जा रहे हैं। आज की तारीख तक इच्छुक विद्यालयों/संस्थाओं से 110 आवेदन प्राप्त हुए हैं। प्राप्त प्रस्तावों का राज्य-वार ब्यौरा **अनुबंध-'ग'** में दिया गया है।

(ड.) और (च): पहले चरण में, यथा संभव अधिकतम राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को शामिल करने के प्रयास के साथ कक्षा 06 से एक श्रेणीबद्ध तरीके से कक्षा-वार प्रत्येक राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र से 2-3 स्कूलों के साथ 100 सैनिक स्कूल खोलने का प्रस्ताव है। ये स्कूल एक ऐसी पद्धति का सृजन करने के लिए रक्षा मंत्रालय की सैनिक स्कूल सोसाइटी के साथ भागीदारी करने के लिए संबद्ध किए जाएगें जो शैक्षिक सत्र को यथोचित विधा और अनुशासन के साथ समायोजित कर सके। राष्ट्रीय शिक्षा नीति की परिकल्पना के अनुसार ये स्कूल पुराने जमाने के हमारे अध्यापन जैसे मूल्य आधारित शिक्षा पर ध्यान देगें जिससे बच्चे समृद्ध संस्कृति और विरासत का गौरव का भाव विकसित करने में समर्थ होंगे।

*****

**'सैनिक स्कूल' के बारे में लोक सभा में दिनांक 10 दिसम्बर, 2021 को उत्तर दिए जाने के लिए अतारांकित प्रश्न संख्या 2297 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध-क**

देश में कार्य कर रहे **सैनिक स्कूलों** तथा वर्तमान में प्रत्येक विद्यालय को जारी की गई धनराशि सहित विगत तीन वर्षों के दौरान स्थापित किए गए ऐसे विद्यालयों का ब्यौरा

| क्र.सं. | सैनिक स्कूल का नाम | राज्य | वर्ष | वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान जारी की गई धनराशि (करोड़ रु.में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सैनिक स्कूल, सतारा | महाराष्ट्र | 1961 | 0.00 |
| 2 | सैनिक स्कूल, कुंजपुरा | हरियाणा | 1961 | 2.58 |
| 3 | सैनिक स्कूल, कपूरथला | पंजाब | 1961 | 3.01 |
| 4 | सैनिक स्कूल, बालाचाड़ी | गुजरात | 1961 | 2.94 |
| 5 | सैनिक स्कूल, चित्तौड़गढ़ | राजस्थान | 1961 | 0.00 |
| 6 | सैनिक स्कूल, कोरूकोंडा | आंध्र प्रदेश | 1962 | 2.93 |
| 7 | सैनिक स्कूल, काझाकूटम | केरल | 1962 | 0.00 |
| 8 | सैनिक स्कूल, पुरूलिया | पश्चिम बंगाल | 1962 | 0.00 |
| 9 | सैनिक स्कूल, भुवनेश्वर | ओडिशा | 1962 | 3.09 |
| 10 | सैनिक स्कूल, अमरावतीनगर | तमिलनाडु | 1962 | 3.70 |
| 11 | सैनिक स्कूल, रीवा | मध्य प्रदेश | 1962 | 3.12 |
| 12 | सैनिक स्कूल, तिलैया | झारखण्ड | 1963 | 3.92 |
| 13 | सैनिक स्कूल, बीजापुर | कर्नाटक | 1963 | 4.33 |
| 14 | सैनिक स्कूल, गोलपाड़ा | असम | 1964 | 2.50 |
| 15 | सैनिक स्कूल, घोड़ाखाल | उत्तराखण्ड | 1966 | 2.89 |
| 16 | सैनिक स्कूल, नगरोटा | जम्मू | 1970 | 0.00 |
| 17 | सैनिक स्कूल, इंफाल | मणिपुर | 1971 | 3.18 |
| 18 | सैनिक स्कूल, सुजानपुर टीरा | हिमाचल प्रदेश | 1978 | 2.84 |
| 19 | सैनिक स्कूल, नालन्दा | बिहार | 2003 | 0.00 |
| 20 | सैनिक स्कूल, गोपालगंज | बिहार | 2003 | 0.00 |
| 21 | सैनिक स्कूल, पुंगलवा | नागालैंड | 2007 | 2.18 |
| 22 | सैनिक स्कूल, कोडागु | कर्नाटक | 2007 | 1.77 |
| 23 | सैनिक स्कूल, अंबिकापुर | छत्तीसगढ़ | 2008 | 0.00 |
| 24 | सैनिक स्कूल, रेवाड़ी | हरियाणा | 2009 | 1.79 |
| 25 | सैनिक स्कूल, कलिकिरी | आंध्र प्रदेश | 2014 | 1.12 |
| 26 | सैनिक स्कूल, छिंगछिप | मिजोरम | 2017 | 0.00 |
| 27 | सैनिक स्कूल, झुंझुनू | राजस्थान | 2018 | 0.53 |
| 28 | सैनिक स्कूल, ईस्ट सियांग | अरूणाचल प्रदेश | 2018 | 0.00 |
| **29** | **सैनिक स्कूल, चंद्रपुर** | **महाराष्ट्र** | **2019** | 0.49 |
| **30** | **सैनिक स्कूल, झांसी** | **उत्तर प्रदेश** | **2019** | 0.00 |
| **31** | **सैनिक स्कूल, मैनपुरी** | **उत्तर प्रदेश** | **2019** | 0.00 |
| **32** | **सैनिक स्कूल, अमेठी** | **उत्तर प्रदेश** | **2020** | 0.00 |
| **33** | **सैनिक स्कूल, संबलपुर** | **ओडिशा** | **2020** | 0.00 |

विगत तीन वर्षों के दौरान स्थापित किए गए सैनिक स्कूलों का ब्यौरा क्र.सं. 29 से 33 पर दर्शाया गया है।

**'सैनिक स्कूल' के बारे में लोक सभा में दिनांक 10 दिसम्बर, 2021 को उत्तर दिए जाने के लिए अतारांकित प्रश्न संख्या 2297 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध-ख**

देश में कार्य कर रहे **राष्ट्रीय सैन्य विद्यालयों** तथा वर्तमान में प्रत्येक विद्यालय को जारी की गई धनराशि के साथ-साथ विगत तीन वर्षों के दौरान स्थापित किए गए ऐसे विद्यालयों का ब्यौरा

| क्र.सं. | राष्ट्रीय सैन्य स्कूल का नाम | राज्य | वर्ष | वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान जारी की गई धनराशि (करोड़ रु.में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राष्ट्रीय सैन्य विद्यालय, चैल | हिमाचल प्रदेश | 1925 | 0.429 |
| 2 | राष्ट्रीय सैन्य विद्यालय, अजमेर | राजस्थान | 1930 | 0.539 |
| 3 | राष्ट्रीय सैन्य विद्यालय, बेलगाम | कर्नाटक | 1946 | 0.629 |
| 4 | राष्ट्रीय सैन्य विद्यालय, बेंगलुरू | कर्नाटक | 1946 | 0.466 |
| 5 | राष्ट्रीय सैन्य विद्यालय, धौलपुर | राजस्थान | 1962 | 0.519 |

**विगत तीन वर्षों के दौरान स्थापित किए गए राष्ट्रीय सैन्य विद्यालयों का ब्यौरा शून्य है|**

'सैनिक स्कूल' के बारे में लोक सभा में दिनांक 10 दिसम्बर, 2021 को उत्तर दिए जाने के लिए अतारांकित प्रश्न संख्या 2297 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध-ग

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र से प्राप्त प्रस्तावों का ब्यौरा

| क्र.सं. | राज्य | पंजीकृत स्कूलों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 5 |
| 2 | असम | 5 |
| 3 | बिहार | 1 |
| 4 | छत्तीसगढ़ | 1 |
| 5 | दादरा एवं नगर हवेली | 1 |
| 6 | गुजरात | 9 |
| 7 | हरियाणा | 5 |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | 2 |
| 9 | झारखंड | 1 |
| 10 | कर्नाटक | 1 |
| 11 | केरल | 28 |
| 12 | मध्य प्रदेश | 1 |
| 13 | महाराष्ट्र | 20 |
| 14 | मिजोरम | 1 |
| 15 | ओडिशा | 1 |
| 16 | राजस्थान | 9 |
| 17 | तमिलनाडु | 11 |
| 18 | तेलंगाना | 3 |
| 19 | उत्तर प्रदेश | 5 |